दिनांक 3 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

इंटरकनेक्शन का कार्य प्रगति पर, स्मृति नगर को 66 एमएलडी से जोड़ने 100 मीटर बिछाई गई अतिरिक्त पाइप

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत तीन स्थलों पर इंटरकनेक्शन का कार्य किया जाना है जिसके तहत दो स्थानों नेहरू नगर एवं गुरुद्वारा के सामने इंटरकनेक्शन करने के लिए गड्ढा कर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है! पूर्व से ही इंटरकनेक्शन की तैयारी कर ली गई थी ताकि शहर को जल्द से जल्द पेयजल प्रदाय किया जा सके! स्मृति नगर को 66 एमएलडी से कनेक्ट करने के लिए नेहरू नगर कार्यालय के समीप किए गए गड्ढे में लगभग 100 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है जिसके लिए विगत 2 दिनों से कार्य किया जा रहा था! आज नेहरू नगर के दोनों स्थलों में 66 एमएलडी से पानी देने के लिए इंटरकनेक्शन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है! जल कार्य के उप अभियंता बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि गड्ढा खोदकर पाइप की कटिंग की जा चुकी है साथ ही पानी निकासी भी की जा रही है, बैंड पाइप तथा वाल्व लगाने का कार्य प्रगति पर है जो कि आज पूर्ण हो सकती है! देर रात तक भी कार्य किया जाएगा जिसके लिए विद्युत व्यवस्था की जा रही है कल बुधवार को शाम तक कंक्रीटी करण होने की प्रबल संभावना है यदि सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही शहर को पानी मिल पाएगा! 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से उच्च स्तरीय जलागार को जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है! स्मृति नगर क्षेत्र के लिए 66 एमएलडी से पानी देने मेन राइजिंग पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है इंटरकनेक्शन के पश्चात इस पाइपलाइन से जल प्रदाय क्षेत्र को दिया जा सकता है जिसके लिए कार्य प्रगति पर है! आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने निगम प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा है पूर्व में भी तीन इंटरकनेक्शन सफलता पूर्वक किए जा चुके हैं! तीन और इंटरकनेक्शन नेहरू नगर एवं गुरुद्वारा के समीप 450mm डाया का तथा स्मृति नगर क्षेत्र में 350mm डाया का पाइप कनेक्ट किया जा रहा है! इंटरकनेक्शन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है जिसके लिए इंडियन ह्यूम पाइप की एजेंसी की टीम के कर्मचारी , जल कार्य के अधिकारी, जेसीबी आदि के साथ मौके पर मौजूद रहकर कार्य करा रहे हैं!

JCB
REDMI NOTE 6 PRO
MI DUAL CAMERA